न्यू मार्केट की गणेश झांकी में महाआरती में शामिल हुईं महापौर

भोपाल। गणेश उत्सव के पावन अवसर पर रविवार को महापौर श्रीमती मालती राय न्यू मार्केट व्यापारी संघ द्वारा स्थापित भगवान श्रीगणेश की झांकी स्थल पर पहुंचीं। उन्होंने विधिवत पूजा-अर्चना कर महाआरती में सहभागिता की। इस अवसर पर जोन अध्यक्ष श्रीमती आरती अनेजा, श्रीमती गुंजन चौकसे सहित न्यू मार्केट गणेश उत्सव समिति के पदाधिकारी एवं श्रद्धालुजन मौजूद रहे।

लिफ्ट में फंसे व्यक्ति को सुरक्षित निकाला तीन लिफ्ट अस्थायी रूप से सील

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः नगर निगम के फायर ब्रिगेड, विद्युत और स्वास्थ्य अमले ने रविवार को होटल कोर्टयार्ड बाय मैरियट की लिफ्ट में फंसे व्यक्ति को त्वरित कार्रवाई कर सुरक्षित बाहर निकाला। इसके बाद निगम अमले ने होटल की लिफ्टों के संधारण, खाद्य लाइसेंस और फायर सेफ्टी से संबंधित दस्तावेजों की जांच की। निर्धारित मानकों के अनुसार व्यवस्थाएं नहीं पाए जाने पर होटल की तीन लिफ्टों को अस्थायी रूप से सील कर दिया गया।

फायर कंट्रोल रूम को सूचना मिली थी कि अरेरा हिल्स स्थित डीबी मॉल के पास होटल कोर्टयार्ड बाय मैरियट की लिफ्ट में एक व्यक्ति फंस गया है। सूचना मिलते ही निगम का अमला मौके पर पहुंचा और कार्रवाई करते हुए व्यक्ति को बाहर निकाला। जांच में पाया गया कि होटल की लिफ्टों में ऑटोमेटिक रेस्क्यू डिवाइस (एआरडी) नहीं था। साथ ही लिफ्टों का मासिक संधारण भी नहीं किया गया था। पिछली निर्धारित तिथि 31 अगस्त 2026 को भी मासिक संधारण कार्य नहीं किया गया था।

निगम अमले ने अग्नि सुरक्षा उपकरणों और निर्गम द्वारों की भी जांच की। इस दौरान निर्धारित मानकों के अनुसार अग्नि सुरक्षा व्यवस्था नहीं पाई गई। इसके बाद तीन लिफ्टों को अस्थायी रूप से सील करने की कार्रवाई की गई। खाद्य सुरक्षा लाइसेंस की भी जांच की गई।

निगम के अनुसार, होटल का पूर्व में भी निरीक्षण कर निर्धारित मानकों के अनुसार व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराने के लिए नोटिस दिए गए थे। निगम आयुक्त संस्कृति जैन के निर्देश पर अब शहर की बहुमंजिला इमारतों, होटलों, अस्पतालों सहित लिफ्ट लगे अन्य भवनों का निरीक्षण किया जाएगा। इस दौरान लिफ्टों के निर्धारित तिथि के अनुसार संधारण और जांच से संबंधित दस्तावेजों की भी जांच होगी। सुरक्षा मानकों के अनुसार व्यवस्थाएं नहीं मिलने पर संबंधितों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। निगम ने सभी संबंधित भवनों में लिफ्टों का संधारण और रख-रखाव सुरक्षा मानकों के अनुसार शीघ्र सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

गणेश प्रतिमा विसर्जन के लिए निगम ने की व्यापक व्यवस्थाएं

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः गणेश उत्सव के तहत भगवान श्री गणेश की प्रतिमाओं के विसर्जन के लिए नगर निगम प्रशासन ने सभी विसर्जन घाटों और कुंडों पर व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। निगम आयुक्त संस्कृति जैन के निर्देश पर अपर आयुक्तों को नोडल अधिकारी बनाया गया है। प्रत्येक घाट के लिए वरिष्ठ अधिकारियों को प्रभारी एवं सहायक प्रभारी अधिकारी नियुक्त किया गया है।

निगम प्रशासन के अनुसार 22 सितंबर से 26 सितंबर तक विसर्जन समाप्ति तक विभिन्न घाटों पर अधिकारियों की तैनाती रहेगी। प्रेमपुरा घाट के लिए अपर आयुक्त अक्षय कुमार तेम्रवाल, रानी कमलापति घाट पर अपर आयुक्त तन्मय वशिष्ठ शर्मा, हथाईखेड़ा घाट पर अपर आयुक्त वरुण अवस्थी, संत हिरदाराम नगर बैरागढ़ घाट पर अपर आयुक्त अमन मिश्रा, मालीखेड़ी घाट पर अपर आयुक्त अभिषेक सिंह, शाहपुरा घाट पर अपर आयुक्त वरुण बड़ेरिया तथा खटलापुरा घाट पर उपायुक्त भुवन गुप्ता को नोडल अधिकारी बनाया गया है।

विसर्जन घाटों की निगरानी के लिए संबंधित विधानसभा क्षेत्रों के कार्यपालन यंत्रियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। पुलिस कंट्रोल रूम में भी निगम अधिकारियों की तैनाती की गई है, जो प्राप्त सूचनाओं पर त्वरित कार्रवाई करेंगे।

निगम प्रशासन ने घाटों पर क्रेन, वाहन, अग्निशमन वाहन, प्रशिक्षित विशेषज्ञ दल, जीवन रक्षक उपकरण, तैराक और गोताखोर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। इसके अलावा पेयजल, साफ-सफाई, चलित शौचालय, प्रकाश व्यवस्था, बैरिकेडिंग और सीसीटीवी कैमरों की व्यवस्था की जाएगी। विसर्जन मार्गों से अस्थायी दुकानें और ठेले हटाए जाएंगे तथा स्ट्रीट लाइट और विद्युत व्यवस्था दुरुस्त की जाएगी।

रविवार को भारत भवन में नाटक देखने के लिए लगी दर्शकों की कतार

अवधेश दीदी की प्रथम पुण्यतिथि पर वरदानी दिवस

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः सुख-शांति भवन, नीलबड़ में ब्रह्माकुमारीज भोपाल जोन की पूर्व अध्यक्षा एवं वरिष्ठ राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी अवधेश दीदी की प्रथम पुण्यतिथि श्रद्धा एवं आध्यात्मिक भाव के साथ 'वरदानी दिवस' के रूप में मनाई गई।

मध्यप्रदेश के विभिन्न सेवाकेंद्रों से पहुंचीं वरिष्ठ राजयोगिनी बहनों तथा शहर के गणमान्य नागरिकों, समाजसेवियों, उद्योगपतियों और पत्रकारों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। माउंट आबू से आईं वरिष्ठ राजयोगिनी बीके शारदा दीदी ने अवधेश दीदी के जीवन को त्याग, तपस्या, स्नेह और ईश्वरीय सेवा की प्रेरणा बताया। सीहोर की बीके पंचशीला दीदी ने कहा कि उनके मार्गदर्शन ने अनेक लोगों को ईश्वरीय सेवा के लिए प्रेरित किया। मुरैना की बीके रेखा दीदी ने उनके मातृवत स्नेह और बचपन की स्मृतियां साझा कीं। राजयोग भवन भोपाल की प्रभारी नीता दीदी ने उनके स्नेह, विश्वास और प्रोत्साहन को याद किया। कार्यक्रम में सतना, उमरिया और कटनी सहित अन्य केंद्रों की बहनें भी उपस्थित रहीं। मंच संचालन बीके रामकुमार भाई ने किया। बाद में ब्रह्म भोजन हुआ।

वैराग्य और सेवा के लिए श्रीचन्द्र महाराज ने की उदासी संप्रदाय की स्थापना

नईदुनिया प्रतिनिधि, हिनप्रः सुखसागर उदासीन आश्रम में भगवान श्रीचन्द्र महाराज का 532वां जन्मोत्सव आश्रम के गद्दीनशीन महंत स्वामी बाबा रामदास उदासीन के सानिध्य में मनाया गया। जन्मोत्सव की शुरुआत 14 सितंबर को गुरु ग्रंथ साहिब के पाठ से हुई। प्रतिदिन सुबह और शाम बाबा रामदास उदासीन के प्रवचन हुए।

समापन अवसर पर बाबा जी ने कहा कि बाबा श्रीचन्द्र जी को साक्षात भगवान शिव महादेव का अवतार माना जाता है। वे सिख धर्म के संस्थापक गुरु नानक देव जी के ज्येष्ठ पुत्र थे।

उन्होंने वैराग्य, सेवा और ईश्वर भक्ति पर जोर देते हुए उदासी संप्रदाय की स्थापना की। इसके अलावा उन्होंने गुरुबाणी और अन्य धार्मिक ग्रंथों पर अपने विचार व्यक्त किए।

इस अवसर पर बाबा श्रीचन्द्र जी का झूले में अवतरण कराया गया और धर्मप्रेमी श्रद्धालुओं ने जन्मोत्सव मनाया।

कार्यक्रम में गुरुमाता राधा देवी उदासी, संतोष उदासीन, नानक उदासी, सागर उदासी सहित बाबा गोविंद दास सेवा समिति के नारायणदास सबनानी, लालचंद जसवानी, माधू चांदवानी, लीलाराम लेखवानी, तुलसी सदारंगानी सहित बड़ी संख्या में धर्मप्रेमी उपस्थित रहे।

संत हिरदाराम साहिब का अवतरण दिवस सेवा संकल्प दिवस के रूप में मनेगा

नईदुनिया प्रतिनिधि, हिनप्रः संत हिरदाराम साहिब का अवतरण दिवस 21 सितंबर को सेवा संकल्प दिवस के रूप में मनाया जाएगा। संतजी की कुटिया सेवा संकल्प धाम पर तीन दिवसीय धार्मिक कार्यक्रम चल रहे हैं, जिनका समापन सोमवार को होगा।

सेवा संकल्प धाम पर तीन दिवसीय धार्मिक कार्यक्रमों का शुभारंभ 19 सितंबर को सुबह 5 बजे आशादीवार, संपत पाठ और गुरु ग्रंथ साहिब के पाठ के साथ हुआ। इसके बाद गायन-कीर्तन और रहरास साहिब का आयोजन किया गया। 21 सितंबर को कुटिया आमजन के दर्शन के लिए सुबह 7 बजे से शाम 7 बजे तक खुली रहेगी। अवतरण दिवस पर सामाजिक संस्था जीवन ज्योति द्वारा नवयुवक सभा स्कूल भवन में सुबह से शाम तक आम भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

इसके अलावा अस्पताल और आश्रम में भी भोजन वितरित किया जाएगा। समिति के सदस्यों को अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। युवा सिंधी मंच द्वारा भी 21 सितंबर को कार्यक्रम और भंडारे का आयोजन किया जाएगा। इसमें सुबह 11 से दोपहर 12 बजे तक रामधुनी तथा दोपहर 1 से शाम 5 बजे तक प्रसादी वितरण और भंडारा होगा। जीव सेवा संस्थान ने संतजी के अवतरण दिवस पर घरों और प्रतिष्ठानों में पांच दीप जलाने की अपील की है।

झामनानी और राजानी लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित

नईदुनिया प्रतिनिधि, हिनप्रः प्रादेशिक सिंधी सम्मेलन में इंदौर के ईश्वर झामनानी और भोपाल के डॉ. परमानंद राजानी को लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया गया।

मध्यप्रदेश सिंधु भवन ट्रस्ट द्वारा आयोजित दो दिवसीय प्रादेशिक सिंधी सम्मेलन में दोनों संस्थापक ट्रस्टियों को समाजसेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए यह सम्मान प्रदान किया गया। दोनों विभूतियों का सम्मान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने किया।

इस अवसर पर भोपाल दक्षिण-पश्चिम विधायक भगवानदास सबनानी, इंदौर के सांसद शंकर लालवानी सहित प्रदेशभर से आए विभिन्न पंचायतों के मुखिया और सिंधी समाज के गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

एआई से स्मार्ट पढ़ाई, स्मार्ट काम और सुरक्षित डिजिटल भविष्य

साधु वासवानी महाविद्यालय में अतिथि व्याख्यान

नईदुनिया प्रतिनिधि, हिनप्रः साधु वासवानी महाविद्यालय में अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के रचनात्मक एवं सुरक्षित उपयोग की जानकारी दी गई। व्याख्यान में शासकीय एमएलबी गर्ल्स कॉलेज के सहायक प्राध्यापक विवेक भारद्वाज द्वारा 'आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस इन हायर एजुकेशन एंड एब्रीडे लाइफ: स्मार्ट लर्निंग, स्मार्ट वर्किंग एंड सेफ डिजिटल फ्यूचर' विषय पर व्याख्यान दिया गया।

भारद्वाज ने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस केवल तकनीकी क्षेत्र तक सीमित नहीं है, बल्कि यह शिक्षा, रोजगार, संचार और दैनिक जीवन के अनेक क्षेत्रों को प्रभावित कर रहा है। उन्होंने विद्यार्थियों को स्मार्ट लर्निंग के माध्यम से अध्ययन को अधिक प्रभावी बनाने तथा स्मार्ट वर्किंग के जरिए कार्यक्षमता और उत्पादकता बढ़ाने में आईए की भूमिका समझाई। उन्होंने विभिन्न उदाहरणों के माध्यम से बताया कि एआई आधारित टूल्स का उपयोग अध्ययन सामग्री तैयार करने, जानकारी प्राप्त करने, विषयों को समझने और रचनात्मक कार्यों में किया जा सकता है। साथ ही, उन्होंने विद्यार्थियों को आगाह किया कि तकनीक के उपयोग के साथ डिजिटल सुरक्षा, साइबर जागरूकता, व्यक्तिगत डेटा की गोपनीयता और जिम्मेदार ऑनलाइन व्यवहार को प्राथमिकता देना आवश्यक है। व्याख्यान में 'सुरक्षित डिजिटल भविष्य' की अवधारणा पर विशेष जोर दिया गया। विद्यार्थियों को एआई के अंधानुकरण के बजाय उसके विवेकपूर्ण, नैतिक, रचनात्मक और जिम्मेदार उपयोग के लिए प्रेरित किया गया। विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए एआई से संबंधित विभिन्न प्रश्न पूछे।

चलती बाइक पर युवक की गोली मारकर हत्या

नप्र, भोपालः निशातपुरा पुलिस चौकी के सामने रविवार सुबह चलती बाइक पर एक युवक ने अपने दोस्त की गोली मारकर हत्या कर दी। आरोपी बाइक पर पीछे बैठा था और उसने पिस्टल निकालकर बीच में बैठे दोस्त के सिर पर फायरिंग कर दी। गोली लगते ही बाइक बेकाबू होकर गिर गई। वारदात के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। घटनास्थल से 32 बोर का एक खाली खोखा मिला है। पुलिस के मुताबिक मृतक की पहचान 21 वर्षीय इखलास उर्फ ताशी निवासी हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी के रूप में हुई है। वह पेंटरी का काम करता था। रविवार सुबह ताशी अपने दोस्त अलीम उर्फ अल्लू और एक अन्य युवक के साथ बाइक से मछली पकड़ने जा रहा था। बाइक तीसरा साथी चला रहा था, जबकि ताशी बीच में और अलीम पीछे बैठा था। इसी दौरान अलीम ने पिस्टल निकालकर ताशी पर फायरिंग कर दी। इसके बाद उसने बाइक चला रहे युवक को भी पिस्टल दिखाकर धमकाया और उसे सिंधी कॉलोनी तक अपने साथ ले गया। वहां पहुंचकर आरोपी फरार हो गया।

नाम परिवर्तन सूचना

मैं अभिलाष आत्मज अशोक वर्मा निवासी वार्ड 5 उदयपुरा, वर्तमान पता मुकाम ग्राम अमोदा तहसील गौहरगंज जिला रायसेन म.प्र. का निवासी हूं। मेरा आधार नंबर 237690351179 है, आधार कार्ड में त्रुटिवश मेरा नाम अभिषेक दर्ज हो गया है, जो गलत है। मेरा सही नाम बोटर कार्ड पर अभिलाष दर्ज है। मेरे अन्य दस्तावेजों में अभिलाष ही दर्ज है। भविष्य में मुझे अभिलाष नाम ही जान, पहचाना व दर्ज किया।

1703

कार्यालय आयुक्त, वाणिज्यिक कर, मध्यप्रदेश
महात्मा गांधी मार्ग, इन्दौर-452007, फोन न. 0731-2437324, 315,
e-mail: commissioner.ho@mptax.mp.gov.in
निविदा विज्ञप्ति

कार्यालय आयुक्त वाणिज्यिक कर मुख्यालय, इन्दौर पता- मोती बंगला कंपाउंड, एम.जी. रोड, महात्मा गांधी मार्ग, इन्दौर-452007 फोन नं. 2543271,72,73,75 फैक्स : 0731-2536228 Email-commissioner.ho@mptax.mp.gov.in में विनिष्ट किया गया कार्यालयीन रद्दी कागज का विक्रय किया जाना है। समस्त रिकार्ड चार से अधिक भागों में विभाजित किया जाकर उसका विक्रय किया जावेगा। रद्दी जहाँ है जैसी है उसी हालत में विक्रय की जावेगी। इस हेतु अपने भाव/दर सीलबंद बंद लिफाफे में दिनांक 29/09/2026 तक समय 10:30 am से 6:00 pm तक में स्वीकार किये जावेगे।

अन्य नियम एवं शर्ते कार्यालयीन समय में आकर देखी जा सकती है। समस्त निविदाएँ दिनांक 01/10/2026 को सुबह 11:00 बजे खोली जावेगी।

उपायुक्त,
वाणिज्यिक कर मुख्यालय
G-18878/26

विशेष पुलिस स्थापना, लोक आयुक्त कार्यालय, भोपाल संभाग, भोपाल
क्रमांक/3719 / स्टोर / विपुस्था/2026 भोपाल, दिनांक 17.09.2026
// सी0सी0टी0व्ही वीडियों केमरे इन्स्टाल हेतु ई निविदा सूचना आमंत्रण//

विशेष पुलिस स्थापना, लोकायुक्त कार्यालय, भोपाल संभाग, भोपाल के कार्यालय हेतु 45 नग CCTV VIDEO CAMERA केमरे इन्स्टाल करवाने के कार्य के संबंध में ई-निविदा https://mptenders.gov.in पोर्टल के माध्यम से निविदा आमंत्रित की जाती है।

निविदा प्रपत्र प्राप्त करने हेतु ऑन लाईन का शुल्क रु.1000/- (रूपये एक हजार मात्र) है जो कि निविदाकर्ताओं को स्टेट बैंक ऑफ इंडिया में ऑनलाईन चालान के द्वारा Department of Finance Government of Madhya Pradesh ds Head of Account 0070-60-00-000 में जमा कर, चालान की प्रति तकनीकी / वित्तीय निविदा दोनो में पृथक पृथक अपलोड की जाना अनिवार्य है, उक्त के अभाव में ई-निविदा मान्य नही होगी।

ऑन लाईन निविदा प्रकिया में सम्मिलित होने के लिये निम्नानुसार तिथियां निर्धारित की गई है :-

01-ऑनलाईन निविदा जमा करने की प्रारंभ दिनांक 28.09.2026 समय सुबह 10.00 बजे से दिनांक 13.10.2026 सुबह 10.00 बजे तक 02-ऑनलाईन प्राप्त निविदाओं में सर्वप्रथम तकनीकी निविदाएं दिनांक 13.10.2026 को समय दोपहर 12.00 बजे अथवा उसके उपरांत विशेष पुलिस स्थापना, लोकायुक्त कार्यालय, भोपाल संभाग परिसर, भोपाल मे खोली जावेगी, तत्पश्चात तकनीकी निविदाओं में पात्र पाये गये निविदादाताओं की वित्तीय निविदाएं दिनांक 19.10.2026 को समय दोपहर 03.00 बजे अथवा उसके उपरांत खोली जावेगी।

निविदा संबंधी शेष शर्ते निविदा प्रपत्र में दी गई है।

पुलिस अधीक्षक
विशेष पुलिस स्थापना,
लोकायुक्त कार्यालय, भोपाल संभाग, भोपाल
G-18879/26